राष्ट्र कवि मैथिली शरण गुप्त का 133वाँ जयंती समारोह शनिवार को सेवाग्राम में

वर्धा, 1 अगस्त 2019: राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त की 133वीं जयंती के उपलक्ष्य में 3 अगस्त को महात्मा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान,सेवाग्राम के सरोजिनी नायडू सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को सायं 6.30 बजे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 150 वें जयंती वर्ष में होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य परिचर्चा 'मैथिली शरण गुप्त, गांधी विचार और हमारा समय' इस विषय पर होगी जिसमें देश के विभिन्न प्रांतों से आमंत्रित वक्ता गण भाग लेंगे. राष्ट्रकवि की पौत्री श्रीमती कुमकुम गुप्त कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होंगी. साकेत, यशोधरा जैसे महाकाव्य लिखने वाले मैथिली शरण गुप्त का जन्म 3 अगस्त 1886 में पिता सेठ रामचरण कनकने और माता काशी बाई की तीसरी संतान के रूप में उत्तर प्रदेश में झांसी के पास चिरगांव में हुआ था। गुप्त परिवार अनेक सालों से हर वर्ष उनकी जयंती का आयोजन कर उनके जीवन एवं कार्यों का याद करता हैं।

राष्ट्र कवि स्मृति समिति, वर्धा के डॉ. ओम प्रकाश गुप्त, डॉ. अनुपमा गुप्त, डॉ. दिलीप गुप्त, डॉ. हेमचंद्र वैद्य, डॉ. अनिल दुबे, डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी, बी. एस. मिरगे, अमित विश्वास आदि ने सभी हिन्दी व साहित्य प्रेमियों से बड़ी संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने का अनुरोध किया है.

....

राष्ट्र कवि मैथिली शरण गुप्त जयंतीचे आयोजन

वर्धा, 1 ऑगस्ट 2019: राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त यांच्या 133व्या जयंतीनिमित्त 3 ऑगस्ट रोजी महात्मा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान,सेवाग्राम येथील सरोजिनी नायडू सभागृहात कार्यक्रमाचे आयोजन करण्यात आले आहे. शनिवारी सायंकाळी 6.30 वाजता राष्ट्रपिता महात्मा गांधी यांच्या 150व्या जयंती वर्षात आयोजित कार्यक्रमात मुख्य परिचर्चा 'मैथिली शरण गुप्त, गांधी विचार आणि आमचा काळ' या विषयावर होणार आहे. यावेळी देशभरातील आमंत्रित वक्ता उपस्थित राहणार आहेत. राष्ट्रकवि गुप्त यांची नात श्रीमती कुमकुम गुप्त कार्यक्रमाच्या प्रमुख पाहुण्या असतील. साकेत, यशोधरा सारखी महाकाव्य लिहिणारे मैथिली शरण गुप्त यांचा जन्म 3 ऑगस्ट 1886 रोजी सेठ रामचरण कनकने आणि माता काशी बाई यांच्यापोटी उत्तर प्रदेशातील झासी जवळील चिरगांव येथे झाला. वर्धेतील गुप्त परिवार गेल्या अनेक वर्षापासून त्यांच्या जयंतीचे आयोजन करुन त्यांच्या जीवन व कार्यांचे स्मरण करत असते. कार्यक्रमाला उपस्थित राहण्याचे आवाहन राष्ट्र कवि स्मृती समिती, वर्धाचे डॉ. ओम प्रकाश गुप्त, डॉ. अनुपमा गुप्त, डॉ. दिलीप गुप्त, डॉ. हेमचंद्र वैद्य, डॉ. अनिल दुबे, डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी, बी. एस. मिरगे, अमित विश्वास यांनी हिंदी व साहित्य प्रेमी यांना केले आहे.